Ch-3 (Saturday)

भाषा और व्याकरण

1- भाववाचक संज्ञाओं से वाक्य बनाओ :-

ममता - माता यशोदा की ममता अवर्णनीय है ।

कोमलता :- माँ की ममता से कोमलता भरी होती है ।

बचपन - बचपन का समय बहुत महत्वपूर्ण होता है ।

सादगी - वर्णन और भावों की सादगी, कला के सौंदर्य का प्राण है ।

कड़वाहट - करेला का कड़वाहट बहत ज्यादा है, परंतु वह सेहत के लिए अच्छा है ।

बुढ़पा - बुढ़ापा आते ही लोग बच्चों जैसा व्यवहार करते हैं ।

ऊँचाई - मुझे ऊँचाई से बहत डर लगाता है ।

महानता - युधिष्ठिर की महानता के लिए लोग उन्हें सम्मान करते हैं ।

STD - VI
ch - 3

(Saturday)
Date 8 | 5 | 21

प्र- ७. नमक मीठा नहीं होता, फिर कहानी का शीर्षक 'नमक की मिठास' क्यों है ?

उ - नमक मीठा नहीं होता, फिर भी कहानी का शीर्षक 'नमक की मिठास' रखा गया है। हम अकसर कहते हैं कि 'सच कड़वा होता है', अर्थात सच चाहे जितना भी कड़वा क्यों न हो परंतु वह सच होता है, और सभी को सच कुबूल करना पड़ता है। उसी प्रकार नमक मीठा नहीं होता, परंतु उसकी कीमत सोना और चाँदी से भी ज्यादा महत्वपूर्ण है।

प्र-८ "मेरा प्यार ऐसा ही है जैसा की एक बेटी का अपने पिता के लिए होता है"।

प्र-(क) यह वाक्य किसने किससे कहा ?
उ- यह वाक्य राजकुमारी ने उनके पिता को कहा है।

(ख) यह वाक्य किस प्रश्न के उत्तर में कहा गया ?

उ- यह वाक्य - "तुम मुझे बताओ कि तुम मुझसे कितना और किस तरह का प्यार करती हो ?" - इस के उत्तर में कहा गया है।

वे, आदि सर्वनाम हैं। नीचे किसी कहानी का एक अंश दिया गया है। इस अंश के रिक्त स्थानों में सर्वनाम शब्दों के उचित रूप भरो।

रामू और लछमन दो भाई थे। उनके पिता की अच्छी खेतीबाड़ी थी। उन्होंने बड़े लाड़-प्यार से दोनों बेटों को पाला। वे चाहते थे कि दोनों पढ़-लिखकर विद्वान बनें। रामू का पढ़ने में मन नहीं लगता, वह आलसी भी था। छोटा भाई लछमन परिश्रमी था और पढ़ने में भी तेज़ था। पढ़ाई में उसकी रुचि देखकर पिता ने उसे विद्या पाने काशी भेजा और खेतीबाड़ी का काम रामू पर सौंपा।

कई वर्ष बीत गए। एक दिन बूढ़े पिता बीमार पड़ गए। अंतिम साँस लेने से पहले उन्होंने रामू से कहा, "बेटा रामू! लछमन को पढ़ाई पूरी करने देना। मैं चाहता हूँ कि वह एक महान विद्वान बने। पढ़ाई में कोई कमी न आने देना। यही मेरी प्रार्थना है। भगवान तुम्हें सुखी रखे।"

तुम्हारी कलम से

यदि राजकुमारी के पास गहने न होते तो वह और उसका पति अपने जीवन की शुरुआत कैसे करते? सोचकर अपने-अपने सुझाव लिखो।

अब करने की बारी

1. नमक का स्वाद नमकीन होता है। इसके अतिरिक्त भी कई स्वाद होते हैं। नीचे बने शब्दजाल में कुछ 'शब्द' छिपे हैं। उन्हें ढूँढो और उनके स्वाद की कुछ चीज़ों के नाम बताओ।

ख	ट	मी	टा	भि	क	ले
ट्	ष	प	ध	हा	सैं	ख
टा	ट	फी	का	पी	ला	गा
च	घा	र	ट	प्	शृ	मी
छैं	न	म	की	न	की	ठा
स्	थ	रा	फि	खौ	टा	प्र
ती	खा	तृ	क	ड़	वा	स

2. अपनी दादी या नानी से पूछकर एक-एक लोककथा पता करो। फिर कक्षा में एक लोककथा प्रतियोगिता आयोजित करो।